भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या 548
06 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

**मछली पकड़ने पर लगाए गए प्रतिबंध दिवस**

**548. कुमारी राम्या हरिदासः**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के दक्षिणी तट पर राज्य और केन्द्र सरकार दोनों द्वारा मछली पकड़ने पर लगाए गए प्रतिबंध दिवसों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान प्रतिबंध अवधि के दौरान प्रभावित मछुआरा समुदाय को राज्य-वार और वर्ष-वार वित्तीय सहायता स्वीकृत अथवा प्रदान की है; और

(ग) सरकार के ऐसे प्रयासों से राज्य-वार कितने मछुआरे परिवार लाभान्वित हुए हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

**(श्री परशोत्तम रूपाला)**

(क) :प्रतिवर्ष मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा क्षेत्रीय जल (टेरिटोरियल वाटेर्स) से आगे भारतीय विशेष आर्थिक क्षेत्र / इंडियन एक्सक्लूसिव इकोनोमोक ज़ोन (ईईजेड) में 61 दिनों की अवधि के लिए निम्नलिखित विवरण के अनुसार एकसमान रूप से मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लागू किया जाता है:-

पूर्वी तट: 15 अप्रैल से 14 जून तक, (दोनों दिन सम्मिलित) (61 दिन)
पश्चिमी तट: 1 जून से 31 जुलाई तक, (दोनों दिन सम्मिलित) (61 दिन)

पारंपरिक गैर-मोटर चालित फिशिंग बोट्स को क्षेत्रीय जल से आगे भारतीय ईईजेड में लगाए गए इस एकसमान मछली पकड़ने के प्रतिबंध से छूट दी गई है । तटीय राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश भी अपने संबंधित क्षेत्रीय जल में 12 समुद्री मील तक इसी अवधि के लिए मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा रहे हैं ।

(ख) और (ग) : मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार ने 2015-16 से 2019-20 तक 5 वर्षों की अवधि के लिए केंद्र प्रायोजित योजना 'नीली क्रांति: मात्स्यिकी का एकीकृत विकास और प्रबंधन' (सीएसएस-बीआर) कार्यान्वित किया जिसके तहत प्रत्येक नामांकित लाभार्थी को 3000/- रुपये प्रति वर्ष सरकारी वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है और नामांकित लाभार्थी का योगदान 1500/- रुपये वार्षिक है । 4500 रु/- की ऐसी संचित राशि संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश द्वारा प्रत्येक नामांकित लाभार्थी को मछली पकड़ने पर प्रतिबंध/लीन अवधि के दौरान 1500/- रुपये प्रति माह की दर से सालाना तीन महीनों (अंतर्देशीय और समुद्री दोनों) के लिए भुगतान किया जाता है । 2020-21 से 2024-25 के दौरान मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत भी मछली पकड़ने पर प्रतिबंध/लीन अवधि के दौरान, सीएसएस-बीआर योजना के तहत कार्यान्वित उसी समान फंडिंग पैटर्न के आधार पर सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े सक्रिय पारंपरिक मछुआरों को आजीविका और पोषण संबंधी सहायता प्रदान करता है । सीएसएस-बीआर योजना (2018-19 से 2019-20 के दौरान) और पीएमएमएसवाई के तहत (2020-21 से 2023-24 के दौरान) मछली पकड़ने पर प्रतिबंध/लीन अवधि के लिए कवर किए गए लाभार्थी मछुआरों और जारी की गई राशि का राज्य-वार और वर्ष-वार विवरण अनुबंध में प्रस्तुत हैं।

*****

<u>अनुबंध</u>

मत्स्य संसाधनों के संरक्षण के लिए मछली पकड़ने पर प्रतिबंध/लीन अवधि के दौरान पिछले 5 वित्तीय वर्षों और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े सक्रिय पारंपरिक मछुआरों के परिवारों के लिए स्वीकृत आजीविका और पोषण संबंधी सहायता

| क्रम सं | राज्यों के नाम | **2018-19** | | **2019-20** | | **2020-21** | | **2021-22** | | **2022-23** | | **2023-24** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **मछुआरों की संख्या** | **वित्तीय सहायता** | **मछुआरों की संख्या** | **वित्तीय सहायता** | **मछुआरों की संख्या** | **वित्तीय सहायता** | **मछुआरों की संख्या** | **वित्तीय सहायता** | **मछुआरों की संख्या** | **वित्तीय सहायता** | **मछुआरों की संख्या** | **वित्तीय सहायता** |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 1000 | 45.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 98360 | 4426.20 | 98360 | 4426.20 | 123000 | 5535.00 |
| 3 | असम | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 20000 | 900.00 | 21000 | 945.00 | 21000 | 945.00 | 21000 | 945.00 |
| 4 | बिहार | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 50000 | 2250.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 5 | छत्तीसगढ | 8500 | 255.00 | 7740.00 | 232.20 | 8000 | 360.00 | 8000 | 360.00 | 10000 | 450.00 | 10000 | 450.00 |
| 6 | गुजरात | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 30000 | 1350.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 2696 | 53.82 | 3717.00 | 111.30 | 3557 | 160.07 | 3557 | 160.07 | 4032 | 181.45 | 2675 | 120.38 |
| 8 | जम्मू और कश्मीर | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 17396 | 782.82 | 16286 | 732.87 | 16286 | 732.87 | 14500 | 652.50 |
| 9 | कर्नाटक | 0 | 0.00 | 38518 | 1155.54 | 24003 | 1080.14 | 20414 | 918.63 | 24003 | 1080.14 | 24136 | 1086.12 |
| 10 | केरल | 170063 | 4003.58 | 170063 | 4003.58 | 178265 | 7110.00 | 179316 | 8069.22 | 183540 | 8259.30 | 158002 | 6464.10 |
| 11 | लक्षद्वीप | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 2500 | 112.50 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 15100 | 679.50 | 12318.00 | 369.54 | 10385 | 467.33 | 11237 | 505.67 | 10506 | 472.77 | 14989 | 674.51 |
| 13 | महाराष्ट्र | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 2000 | 90.00 | 2000 | 90.00 |
| 14 | मिजोरम | 5355 | 160.65 | 6283.00 | 188.49 | 6283 | 282.74 | 6283 | 282.74 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 15 | ओडिशा | 0 | 0.00 | 3757.00 | 101.77 | 12000 | 540.00 | 20000 | 900.00 | 0 | 0.00 | 12000 | 540.00 |
| 16 | पुदुचेरी | 37488 | 855.58 | 4667.00 | 280.00 | 28767 | 1294.52 | 28767 | 1294.52 | 24800 | 1116.00 | 25000 | 1125.00 |
| 17 | राजस्थान | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 103 | 3.09 | 2200 | 99.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 18 | सिक्किम | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 200 | 9.00 | 60 | 2.70 | 215 | 9.68 |
| 19 | तमिलनाडु | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 216747 | 9753.62 | 170000 | 7650.00 | 190365 | 8566.43 | 179000 | 8055.00 |
| 20 | तेलंगाना | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 2000 | 90.00 | 4000 | 180.00 | 0 | 0.00 | 4000 | 180.00 |
| 21 | त्रिपुरा | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 2239 | 67.17 | 4142 | 186.39 | 4246 | 191.07 | 3908 | 175.86 |
| 22 | उत्तराखंड | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 200 | 9.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| कुल | | 239202 | 6008.13 | 247063 | 6442.41 | 529745 | 22891.48 | 677462 | 30485.80 | 589198 | 26513.93 | 594425 | 26103.15 |

****